बी. ए. तृतीय वर्ष (पाँचवाँ सेमेस्टर)

हिन्दी (अनिवार्य)

समय : 3 घंटे

कुल अंक : 100
लिखित परीक्षा : 80 अंक
आंतरिक मूल्यांकन : 20 अंक

निर्धारित पाठ्यक्रम एवं अंक विभाजन

○ समकालीन हिन्दी कविता पर आधारित पाठ्यपुस्तक	40 अंक
○ हिन्दी साहित्य का आधुनिक काल : कविता	20 अंक
○ प्रयोजनमूलक हिन्दी : पत्र लेखन, संक्षेपण तथा पल्लवन	10 अंक
○ वस्तुनिष्ठ प्रश्न	10 अंक

खण्ड-क : प्रस्तावित निर्धारित पाठ्यपुस्तक

○ पंचम सेमेस्टर हिन्दी (अनिवार्य) की समकालीन हिन्दी कविता पर आधारित पाठ्यपुस्तक (जिसका नामकरण पुस्तक-निर्माण के साथ किया जाएगा) कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का हिन्दी-विभाग तैयार करेगा। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के हिन्दी-विभाग का दायित्व होगा कि पाठ्यक्रम प्रभावी होने से पहले वह पाठ्यपुस्तक विद्यार्थियों को उपलब्ध कराएँ।

प्रस्तुत प्रस्तावित पाठ्यपुस्तक में निम्नलिखित रचनाकारों की रचनाओं को शामिल किया जाएगा-

1. स०ही० वात्स्यायन अज्ञेय
2. धर्मवीर भारती
3. श्री नरेश मेहता
4. नागार्जुन
5. रघुवीर सहाय
6. कुँवर नारायण
7. लीलाधर जगूड़ी

निर्धारित आलोचनात्मक प्रश्न

पाठ्यक्रम में निर्धारित कवियों पर उनके साहित्यिक परिचय, अनुभूतिगत वैशिष्ट्य तथा अभिव्यक्तिगत सौष्ठव पर ही प्रश्न पूछे जाएँगे। कवियों की विशिष्ट रचनात्मक प्रवृत्ति पर प्रश्न नहीं पूछे जाएँगे।

Scanned with CamScanner

खण्ड-ख : हिन्दी साहित्य का आधुनिक काल : कविता

पाठ्यक्रम में निर्धारित आलोचनात्मक प्रश्न

1. भारतेन्दुयुगीन हिन्दी कविता की प्रवृत्तियाँ
2. द्विवेदीयुगीन हिन्दी कविता की प्रवृत्तियाँ
3. छायावाद
4. प्रगतिवाद
5. प्रयोगवाद
6. नयी कविता
7. समकालीन कविता

खण्ड-ग : प्रयोजनमूलक हिन्दी : पत्र लेखन, संक्षेपण तथा पल्लवन

1. पत्र लेखन : स्वरूप और उसके विविध भेद
2. संक्षेपण
3. पल्लवन

खण्ड-घ : वस्तुनिष्ठ प्रश्न

निर्देश-

1. खण्ड (क) में निर्धारित पाठ्यपुस्तक में से व्याख्या के लिए चार अवतरण पूछे जाएंगे जिनमें से परीक्षार्थियों को किन्हीं दो की सप्रसंग व्याख्या करनी होगी। प्रत्येक व्याख्या 7 अंक की होगी। पूरा प्रश्न 14 अंक का होगा।
2. खण्ड (क) में निर्धारित आलोचनात्मक प्रश्नों में से दो प्रश्न पूछे जाएंगे जिनमें से परीक्षार्थियों को एक प्रश्न का उत्तर देना होगा। यह प्रश्न 10 अंक का होगा।
3. खण्ड (क) में निर्धारित पाठ्यपुस्तक एवं आलोचनात्मक प्रश्नों में से छः लघूत्तरी प्रश्न पूछे जाएंगे जिनमें से परीक्षार्थियों को लगभग 150 शब्दों में से किन्हीं चार प्रश्नों का उत्तर देना होगा। प्रत्येक प्रश्न के लिए चार अंक निर्धारित हैं। पूरा प्रश्न 16 अंक का होगा।
4. खण्ड (ख) में निर्धारित आलोचनात्मक प्रश्नों में से दो प्रश्न पूछे जाएंगे जिनमें से परीक्षार्थियों को किन्हीं एक प्रश्न का उत्तर देना होगा। यह प्रश्न 10 अंक का होगा।
5. खण्ड (ख) में निर्धारित प्रश्नों में से चार लघूत्तरी प्रश्न पूछे जाएंगे जिनमें से परीक्षार्थियों को लगभग 150-150 शब्दों में किन्हीं दो प्रश्नों का उत्तर देना होगा। प्रत्येक प्रश्न के लिए पाँच अंक निर्धारित हैं। पूरा प्रश्न 10 अंक का होगा।
6. खण्ड (ग) में निर्धारित पाठ्यक्रम में से चार लघूत्तरी प्रश्न पूछे जाएंगे जिनमें से परीक्षार्थियों को किन्हीं दो प्रश्नों का उत्तर देना होगा। प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक निर्धारित हैं। पूरा प्रश्न 10 अंक का होगा।
7. खण्ड (घ) में पूरे पाठ्यक्रम में से 10 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का तथा पूरा प्रश्न 10 अंक का होगा।

Scanned with CamScanner